कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ.वि.शि../डी.एल.एड. प्र.प. 2021/विज्ञप्ति 01 /02 /2022-23, दिनांक 06 अप्रैल 2022।

द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा 2020–21 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सूचना

शासनादेश संख्या : 173/XXIV-A-1/2021/02/2018 TC, Dated 24-01-2022 एवं शासनादेश संख्या : BES1-MISC/25.1/3/2022-XXIV-A-1 Basic Education Department, I/25034/2022 का में वर्णित प्राविधानों के क्रम में में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं। द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा **दिनांक 25 मई 2022 को क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रस्तावित है।** राज्य में स्थित जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थानों (DIET) में संचालित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह स्नातक योग्यताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियो से उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर **दिनांक 06 अप्रैल 2022 से** ऑन–लाइन आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन पत्र ऑन–लाइन भरने की अन्तिम तिथि 26 अप्रैल 2022 सांय 05:00 बजे एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 26 अप्रैल 2022 रात्री 11:59 बजे तक हैं। निर्धारित अंतिम तिथि व समय के बाद आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।** परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑन–लाइन पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु आवेदक के पास मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 होना अनिवार्य है। एक मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर एक ही आवेदक का पंजीकरण/आवेदनपत्र स्वीकार होगा। **ऑन–लाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित किये गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर जाकर **"प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2020–21 :सूचना विवरणिका (Two Year DElEd Entrance Exam 2020-21 : INFORMATION BROCHURE"** को डाउनलोड कर उसमें दिये गये निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें। **अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह** दो वर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा **हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें, अन्यथा की स्थिति में वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।** प्रवेश परीक्षा हेतु शुल्क विवरण निम्नवत है–

श्रेणी	सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये	सभी वर्ग के निःशक्त (दिव्यांग) अभ्यर्थियों के लिये
शुल्क दर	₹ 500.00	₹ 250.00	₹ 125.00

परीक्षा से सम्बन्धित विस्तृत निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

06/04/2022

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।